भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1665
दिनांक 16 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों की स्थिति

1665# श्री नीरज डांगी:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों की स्थिति क्या है;

(ख) उन ग्राम पंचायतों की राज्य-वार संख्या कितनी है, जहां पंचायत भवनों का निर्माण हुआ है और उन ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है, जहां निर्माण नहीं किया गया है; और

(ग) इन ग्राम पंचायतों में भवनों के निर्माण पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) और (ख) 'पंचायत' राज्य का विषय है, पंचायत भवन जैसी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराना मुख्य रूप से राज्यों की जिम्मेदारी है। हालांकि, पंचायती राज मंत्रालय अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए), केंद्रीय वित्त आयोग अनुदान के माध्यम से राज्यों के प्रयासों को सीमित पैमाने पर पूरा करता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश भर में 271179 ग्राम पंचायतों (जीपी)/ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) में से 220262 का अपना भवन है। पंचायत भवनों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(ग) वर्ष 2018-19 से लागू की जा रही आरजीएसए योजना के तहत लगभग 9273 ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख की दर से स्वीकृत किए गए हैं।

अनुबंध

दिनांक 16/03/2022 को राज्य सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1665 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पंचायत भवन सहित और बिना ग्राम पंचायतों की राज्यावार विवरण संख्या

क्रमांक	राज्य	कुल ग्राम पंचायतों ग्रामीण /(जीपी) स्थानीय निकायों	ग्राम पंचायत भवन के साथ पंचायत	बिना पंचायत भवन वाले ग्राम पंचायत
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	70	59	11
2	आंध्र प्रदेश	13371	11162	2209
3	अरुणाचल प्रदेश	2108	697	1411
4	असम	2666	2036	630
5	बिहार	8135	1424	6711
6	छत्तीसगढ़	11658	11553	105
7	गोवा	191	187	4
8	गुजरात	14287	14211	76
9	हरियाणा	6225	3166	3059
10	हिमाचल प्रदेश	3615	3217	398
11	जम्मू और कश्मीर	4291	2903	1388
12	झारखंड	4351	4230	121
13	कर्नाटक	5964	5550	414
14	केरल	941	940	1
15	लद्दाख	193	184	9
16	लक्षद्वीप	10	5	5
17	मध्य प्रदेश	22736	22291	445
18	महाराष्ट्र	27898	23891	4007
19	मणिपुर	3818	161	3657
20	मेघालय	9015	5413	3602
21	मिजोरम	834	427	407
22	नागालैंड	1289	664	625
23	ओडिशा	6798	6798	0
24	पुडुचेरी	108	77	31
25	पंजाब	13245	8069	5176
26	राजस्थान	11307	9701	1606
27	सिक्किम	185	176	9
28	तमिलनाडु	12525	11194	1331
29	तेलंगाना	12769	4783	7986
30	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	38	25	13
31	त्रिपुरा	1219	1132	87
32	उत्तर प्रदेश	58189	54010	4179
33	उत्तराखंड	7791	6610	1181
34	पश्चिम बंगाल	3339	3316	23
	कुल	**271179**	**220262**	**50917**